प्रकाशित जनवरी 20,2018

भारतीय रिज़र्व बैंक स्पष्ट करता है कि सीआईएसएफ द्वारा गिरफ्तार किया गया कर्मचारी भारतीय रिज़र्व बैंक का कर्मचारी नहीं है

मीडिया के एक खंड में रिपोर्ट किया गया है कि भारतीय रिज़र्व बैंक के एक कर्मचारी को सीआईएसएफ द्वारा गिरफ्तार किया गया है जो देवास में भारतीय रिज़र्व बैंक मुद्रण प्रेस से मुद्रित करेंसी चुरा रहा था। यह स्पष्ट किया जाता है कि बैंक नोट प्रेस (बीएनपी), देवास भारतीय प्रतिभूति मुद्रण और मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड की एक इकाई है जो भारतीय रिज़र्व बैंक के नियंत्रणाधीन नहीं है। इसके अतिरिक्त, भारतीय रिज़र्व बैंक का कोई भी कर्मचारी बीएनपी, देवास में कार्यरत नहीं है। इस प्रकार, ये रिपोर्टें तथ्यों पर आधारित नहीं हैं।

भारतीय रिज़र्व बैंक खेद प्रकट करता है कि समाचार रिपोर्ट प्रकाशित करने से पहले तथ्यों को सत्यापित नहीं किया गया।

जोस जे. कट्टूर
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2017-2018/1991